**दिनांक 26.05.2025 को कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना, की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र पानापुर (मोतीपुर) में इकाई सर्वश्री नेचुरल डेयरी प्रा० लि० के भूखंड के ऊपर से गुजर रहे 33/11 केवी लाइन का शिफ्टिंग कार्य के निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

---

सदस्य उपस्थित :–

I. प्रबंधक, तकनीकी, बियाडा पटना।
II. उप–महाप्रबंधक, तकनीकी,(नॉर्थ) बियाडा पटना।
III. उप–महाप्रबंधक, तकनीकी,(साउथ) बियाडा पटना।
IV. उप–महाप्रबंधक, वित्त, बियाडा पटना।
V. कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बियाडा पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | : औद्योगिक क्षेत्र पानापुर (मोतीपुर) में इकाई सर्वश्री नेचुरल डेयरी प्रा० लि० के भूखंड के ऊपर से गुजर रहे 33/11 केवी लाइन का शिफ्टिंग कार्य |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | : रु 59,08,803.00 मात्र |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | : रु 59,08,803.00 मात्र |
| 4. | परिमाण विपत्र की कुल राशि | : रु 59,08,803.00 मात्र |
| 5. | निविदा सूचना संख्या | : 02/BIADA/2025-2026 |
| 6. | निविदा आमंत्रण की तिथि | : 17.04.2025 |
| 7. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | : 07.05.2025 |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | : 09.05..2025 |

9. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार का नाम एवं पता :–

(1) **Sri Mahavira Buildwell, Pvt. Ltd., Mahavir Enclave, Flat No.-G2, Exhibition Road, Patna**
(2) **Oriental Progressive Power Pvt. Ltd., Dharmendra Kumar Singh, S/o Paltan Singh, At-Near Chakhaji Chowk, Chak Haji, Samastipur**

<u>निविदा समिति की कार्यवाही</u>–

औद्योगिक क्षेत्र पानापुर (मोतीपुर) में इकाई सर्वश्री नेचुरल डेयरी प्रा० लि० के भूखंड के ऊपर से गुजर रहे 33/11 केवी लाइन का शिफ्टिंग कार्य हेतु निविदा (NIT–02/BIADA/2025-2026, दिनांक–17.04.2025) के माध्यम से की गई, जिसमें 02 (दो) निविदादाताओं ने भाग लिया। निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा निविदा में सम्मिलित दोनों निविदादाताओं के तकनीकी बीड के अभिलेखों का जाँच किया गया। अभिलेखों के जाँच के क्रम में पाया गया कि निविदादाता यथाक्रमांक **(1) Sri Mahavira Buildwell, Pvt. Ltd. Mahavir Enclave, Flat No.-G2, Exhibition Road, Patna** द्वारा निविदा में वांछित पिछले तीन वित्तीय वर्षो का वार्षिक टर्नओवर विवरणी समर्पित नहीं किया गया है, जिसके कारण निविदा समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में अयोग्य पाया गया। जांचोपरांत निम्न तथ्य पाया गया :–

1. <u>निविदादाता **Sri Mahavira Buildwell, Pvt. Ltd.**</u>:-

   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण नहीं करते हैं।

2. <u>निविदादाता **Oriental Progressive Power Pvt. Ltd.**</u>:-

   NIT, Technical Bid Sheet एवं F2 के सभी अहर्त्ताओं को पूर्ण करते हैं।

इस प्रकार तकनीकी बीड के अभिलेखों का जाँचोपरांत निविदा में सम्मिलित दो निविदादाताओं में से एक निविदादाता यथा क्रमांक– (2) Oriental Progressive Power Pvt. Ltd., Dharmendra Kumar Singh, S/o Paltan Singh, At-Near Chakhaji Chowk, Chak Haji, Samastipur को तकनीकी बीड में Responsive पाया गया है तथा एक निविदादाता यथा क्रमांक–(1) Sri Mahavira Buildwell, Pvt. Ltd. Mahavir Enclave, Flat No.-G2, Exhibition Road, Patna को तकनीकी बीड में Non-Responsive पाया गया है।

<u>निविदा समिति की निर्णय–</u>

उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में निविदा समिति सर्वसम्मति से Responsive एक निविदादाता यथा क्रमांक–(2) Oriental Progressive Power Pvt. Ltd., Dharmendra Kumar Singh, S/o Paltan Singh, At-Near Chakhaji Chowk, Chak Haji, Samastipur को तकनीकी बीड में सफल मानती है तथा एक निविदादाता यथा क्रमांक–(1) Sri Mahavira Buildwell, Pvt. Ltd. Mahavir Enclave, Flat No.-G2, Exhibition Road, Patna को को तकनीकी बीड में असफल मानती है।

इस प्रकार प्रथम बार आमंत्रित निविदा में तकनीकी बीड में NIT की वांछित अहर्ता के अनुसार मात्र एक निविदादाता सफल हुए हैं। चुँकि यह प्रथम बार निविदा है जिसमे तकनीकी रूप से एकल निविदादाता सफल हुए है। इसलिए वित्त विभाग के अधिसूचना संख्या 7806/वि0 दिनांक 30.09. 2016 द्वारा बिहार वित्त नियमावली 1950 के नियम के अनुसार "क्रेता विभाग द्वारा प्राप्त तकनीकी बोली (Technical Bid) का मूल्यांकन सक्षम समिति या प्राधिकारी द्वारा किये जाने के पश्चात् वित्तीय बोली (Financial Bid) के मूल्यांकन हेतु एक मात्र निविदा शेष हो अथवा प्रथम बार की गई निविदा में कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हो, तो उसके लिए तुरंत दोबारा निविदा की जाएगी।"

उपरोक्त के आलोक में निविदा समिति के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को प्राधिकार के वेबसाइट पर 03 दिनों के लिए अपलोड किया जाय। किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होने पर निविदा समिति बैठक कर आपत्ति का निस्तार करेगी, यदि किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो वैसी स्थिति में आमंत्रित निविदा को निरस्त करके पुनर्निविदा करने की अनुशंसा करती है।

26/05/25

**प्रबंधक, तकनीकी**
बियाडा, पटना

26/5/25

**उप–महाप्रबंधक, तकनीकी**
**(नॉर्थ)**
बियाडा, पटना

26/5/2025

**उप–महाप्रबंधक, तकनीकी**
**(साउथ)**
बियाडा, पटना

26/05/25

**उप–महाप्रबंधक, वित्त**
बियाडा, पटना

26/05/2025

**कार्यकारी निदेशक**
**(परियोजना)**
बियाडा, पटना।